# भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध

## प्रलिम्सि के लयि:

[न्यूक्लयिर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडयिा लमिटिेड (NPCIL)](), [बराक न्यूक्लयिर पावर प्लांट](), [तरलीकृत प्राकृतकि गैस (LNG)](), [इंडयिा सट्रेटेजकि पेट्रोलयिम रज़िर्व लमिटिेड (ISPRL)](), **आई2यू2 ग्रुपगि**, [वयापक आर्थकि भागीदारी समझौता (CEPA)](), **अभ्यास डेज़र्ट साइक्लोन**, [भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थकि गलयिारा (IMEC)](), [अबराहम एकॉर्ड]() , खाड़ी देश।

## मेन्स के लयि :

भारत के लयि संयुक्त अरब अमीरात का महत्त्व तथा भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंधों से जुड़ी चुनौतयिाँ।

[स्रोत : द हिंदू]()

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने आपसी संबंधों को सुदृढ़  करने तथा अपनी **व्यापक सामरकि साझेदारी** को बढ़ाने के उद्देश्य से द्वपिक्षीय वार्ता की।

- अबू धाबी के क्राउन प्रसि की मेज़बानी भारत के प्रधानमंत्री ने नई दलि्ली के हैदराबाद हाउस में की। दोनों देशों ने **ऊर्जा संबंधों को बढ़ाने हेतु** कई समझौतों पर हस्ताक्षर कयिे।

## यात्रा के दौरान हस्ताक्षरति प्रमुख समझौते क्या हैं?

- **असैन्य परमाणु सहयोग:** भारत और UAE  ने **असैन्य परमाणु सहयोग** के लयिे एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर कयिे।
  - इस समझौते में बराका परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रख-रखाव के लयिे [भारतीय परमाणु ऊर्जा नगिम लमिटिेड (NPCIL)]() एवं अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ENEC) शामलि हैं।
  - **बराका परमाणु ऊर्जा संयंत्र** UAE में अबू धाबी अमीरात के भीतर अल धफरा में स्थति है। यह अरब वशि्व का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।
- **ऊर्जा:**
  - **LNG आपूर्ति:** यूएई और भारत के बीच दीर्घकालकि तरलीकृत प्राकृतकि गैस (LNG) आपूर्ति के लयिे एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कयिे गए।
  - **सामरकि पेट्रोलयिम रज़िर्व (SPR):** पेट्रोलयिम की आपूर्ति के लयिे [इंडयिा सट्रेटेजकि पेट्रोलयिम रज़िर्व लमिटिेड (ISPRL)]() के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कयिे गए।
    - SPR कच्चे तेल के भंडार हैं, जनि्हें देशों द्वारा बनाए रखा जाता है, जो भू-राजनीतकि अनशि्चतिता या आपूर्ति व्यवधानों के समय में भी कच्चे तेल की स्थरि आपूर्ति सुनशि्चति करते हैं।
- **फूड पार्क:** भारत में फूड पार्कों के वकिास पर गुजरात सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कयिे गए।
  - भारत और यूएई I2U2 समूह का हसि्सा हैं, जसिके तहत **गुजरात एवं मध्य प्रदेश** में फूड पार्कों की परकिल्पना की गई थी।

//




## यूएई भारत के लिये क्यों महत्त्वपूर्ण है?

- **रणनीतिक राजनीतिक भागीदारी:** भारत-यूएई संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक भागीदारी' के स्तर तक ले जाना और 'रणनीतिक सुरक्षा वार्ता' की स्थापना दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनीतिक एवं रणनीतिक संरेखण को दर्शाती है।
- **द्विपक्षीय व्यापार:** यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
  - वर्ष 2022 में हस्ताक्षरित **व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA)** ने व्यापार को और बढ़ावा दिया है, द्विपक्षीय व्यापार **72.9 बिलियन अमरीकी डॉलर (अप्रैल 2021-मार्च 2022) से बढ़कर 84.5 बिलियन अमरीकी डॉलर (अप्रैल 2022-मार्च 2023)** हो गया है, जो प्रतिवर्ष 16% की वृद्धि दर्ज करता है।
- **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI):** वित्त वर्ष 2023 के दौरान यूएई भारत में चौथा सबसे बड़ा निवेशक बनकर उभरा है।
  - वित्त वर्ष 2023 में यूएई से भारत में एफडीआई 2021-22 में 1.03 बिलियन अमरीकी डॉलर से तीन गुना बढ़कर 3.35 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।
- **ऊर्जा सुरक्षा:** यूएई भारत के लिये एक प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता है और भारत के सामरिक पेट्रोलियम रिज़र्व (SPR) में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो **भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण है।**
- **वित्त:** UAE में **भारत के रुपे कार्ड और** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) की शुरुआत बढ़ते वित्तीय सहयोग को उजागर करती है।
  - दोनों देश सीमा पार लेनदेन के लिये भारतीय रुपए (INR) और UAE दिरहम (AED) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये एक **स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली (LCS)** प्रणाली पर सहमत हुए।
- **अंतरिक्ष अन्वेषण:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) **और** UAE अंतरिक्ष एजेंसी (UAESA) ने शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये **बाह्य अंतरिक्ष के अन्वेषण व उपयोग** में सहयोग के संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
- **रक्षा और सुरक्षा सहयोग:** UAE और भारत ने आतंकवाद-रोधी, खुफिया जानकारी साझा करने तथा संयुक्त सैन्य अभ्यासों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने **रक्षा और सुरक्षा** सहयोग को मज़बूत किया है। उदाहरण के लिये, **अभ्यास डेज़र्ट साइक्लोन।**
  - इसके अतिरिक्त इस अवधि के दौरान ब्रह्मोस मिसाइलों, आकाश वायु रक्षा प्रणालियों और तेजस लड़ाकू जेट जैसे भारतीय रक्षा उत्पादों में UAE की रुचि बढ़ी।
- **बहुपक्षीय जुड़ाव: I2U2 समूह (भारत-इज़रायल-यूएई-अमेरिका)** का गठन और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) में UAE की भागीदारी क्षेत्रीय एवं वैश्विक बहुपक्षीय जुड़ाव में UAE के सामरिक व आर्थिक महत्त्व को दर्शाती है।
- **क्षेत्रीय स्थिरता:** अब्राहम एकॉर्ड में UAE की भूमिका और इसके बाद इज़रायल के साथ राजनयिक संबंधों का सामान्यीकरण क्षेत्रीय सद्भाव एवं स्थिरता को बढ़ावा देने में UAE के महत्त्व को रेखांकित करता है।
  - **मध्य पूर्व** में स्थिरता भारत के लिये महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भारत अपनी **ऊर्जा आवश्यकताओं** (तेल और गैस आयात) **के लिये खाड़ी देशों पर बहुत अधिक निर्भर है।**
- **सांस्कृतिक और प्रवासी/डायस्पोरा संबंध:** संयुक्त अरब अमीरात में लगभग **3.5 मिलियन** की संख्या वाला विशाल भारतीय प्रवासी समुदाय दोनों देशों के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है।
  - अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन जैसी पहल **सहिष्णुता और सह-अस्तित्व** के साझा मूल्यों को दर्शाती है, जो भारत तथा संयुक्त अरब अमीरात के बीच सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाती है।
- **कोविड-19 के दौरान सहयोग:** कोविड-19 महामारी के दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे को चिकित्सा आपूर्ति, उपकरण और टीके उपलब्ध कराए।

- स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में इस सहयोग ने उनकी साझेदारी को मज़बूत कयिा है और **संकट के समय** एक-दूसरे को समर्थन देने की उनकी प्रतबिद्धता को प्रदर्शति कयिा है।

## भारत-UAE संबंधों में चुनौतियाँ क्या हैं?

- **व्यापार श्रेणियों का सीमति ववििधीकरण: CEPA** द्वारा समग्र व्यापार को बढ़ावा देने के बावजूद नई श्रेणियों में वस्तिार करने में अपर्याप्त प्रगतिहुई है।
    - व्यापार अभी भी कुछ क्षेत्रों जैसे **रत्न एवं आभूषण, पेट्रोलियम और स्मार्टफोन** तक ही सीमति है, जिससे व्यापक आर्थकि लाभ में बाधा आती है तथा व्यापार ववििधीकरण में कमी आती है।
- **बढ़ती आयात लागत:** UAE से आयात में उल्लेखनीय वृद्धिहुई है, जो**वत्ति वर्ष 2022-23 में वर्ष-दर-वर्ष 19% बढ़कर 53,231 मलियिन अमेरकिी डॉलर हो गया है।**
    - आयात में यह वृद्धितिथा कुछ श्रेणियों पर **अत्यधकि नर्भिरता** व्यापार संतुलन को प्रभावति करती है और भारत के **व्यापार अधशिष** पर दबाव डालती है।
- **गैर-टैरफि बाधाएँ:** भारतीय नर्यिातकों को अनवािर्य **हलाल प्रमाणीकरण** जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे प्रसंस्कृत वस्तुओं की नर्यिात मात्रा कम हो जाती है। ये **गैर-टैरफि बाधाएँ** UAE में भारत की बाज़ार पहुँच और प्रतस्पिर्धा को सीमति कर सकती हैं।
- **मानवाधकिार संबंधी चतिाएँ: कफाला प्रणाली** से संबंधति मुद्दे, वशिषकर **प्रवासी श्रमकिों** के अधकिारों से संबंधति मुद्दे, चतिा का वषिय हैं।
    - **कफाला (प्रायोजन प्रणाली)** **खाड़ी देशों** में नागरकिों और कंपनयिों को प्रवासी श्रमकिों के रोज़गार एवं आव्रजन/अप्रवासन स्थतिपिर लगभग पूर्ण नयिंत्रण प्रदान करती है।
- **राजनयकि संतुलन अधनियिम:** क्षेत्रीय संघर्षों, जैसे कि **इज़रायल-हमास युद्ध** और **ईरान व अरब देशों के बीच तनाव**, से नपिटने की आवश्यकता भारत के लयि अतरिक्ति चुनौतियाँ पेश करती है।
- **पाकस्तिान को वत्तिीय सहायता:** पाकस्तिान को UAE की वत्तिीय सहायता भारत वरिोधी गतविधियिों के लयि **संभावति दुरुपयोग** के संदर्भ में चतिाएँ उत्पन्न करती है।
    - यह सहायता भारत और UAE के बीच संघर्ष उत्पन्न कर सकती है, जिससे कूटनीतकि प्रयास जटलि हो सकते हैं।

## आगे की राह

- **व्यापार ववििधीकरण को बढ़ावा:** अधकि संतुलति व्यापार संबंध स्थापति करने और व्यापक आर्थकि लाभों का दोहन करने के लयि **प्रौद्योगकिी**, **नवीकरणीय ऊर्जा** एवं **फार्मास्यूटकिल्स** जैसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रति करने की आवश्यकता है।
- **आर्थकि संबंधों का सुदृढ़ीकरण: संयुक्त उद्यमों और साझेदारी** के अवसरों की खोज करने की आवश्यकता है, **जो आर्थकि सहयोग को बढ़ा सकते हैं** और **उच्च आयात लागत के प्रभाव को कम कर सकते** हैं।
- **मानवाधकिारों पर संवाद बढ़ाना: कफाला प्रणाली** से संबंधति चतिाओं को दूर करने के लयि UAE अधकिारयिों के साथ चर्चा शुरू की जानी चाहयि। ऐसे सुधारों करने चाहयि जो प्रवासी श्रमकिों के अधकिारों और कार्य स्थतियिों, जो अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों के अनुरूप हों, में सुधार करें।
- **साझा हतिों के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रति करना:** साझा हतिों पर तालमेल बठिाने के लयि सक्रयि कूटनीतमिें शामलि होकर यह सुनश्चिति करना चाहयि कभिू-राजनीतकि तनाव के कारण द्वपिक्षीय संबंधों पर प्रतकिूल प्रभाव न पड़ें।

***□□□□□□□ □□□□□□ □□□□□□□:***

**प्रश्न.** भारत की वदिश नीतरिणनीतमिें संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के महत्त्व का वश्लिेषण कीजयि।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

***□□□□□□□□□□□***

**प्रश्न. नम्निलखिति में से कौन 'खाड़ी सहयोग परषिद् (गल्फ कोऑपरेशन काउन्सलि)' का सदस्य नहीं है? (2016)**

(a) ईरान
(b) सऊदी अरब
(c) ओमान
(d) कुवैत

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि: (2008)**

1. अजमान UAE के सात अमीरातों में से एक है।
2. रास अल-खैमाह UAE में शामलि होने वाला अंतमि शेख-राज्य था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर:** (c)

---

## ??????

**प्रश्न. भारत की ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न भारत की आर्थकि प्रगतकिा सर्वाधकि महत्त्वपूर्ण भाग है। पश्चमि एशयािई देशों के साथ भारत के ऊर्जा नीतसिहयोग का वशि्लेषण कीजयि। (2017)**

**प्रश्न. परयिोजना 'मौसम' को भारत सरकार की अपने पड़ोसयिों के साथ संबंधों की सुदृढ़ करने की एक अद्वतिीय वदिेश नीतपिहल माना जाता है। क्या इस परयिोजना का एक रणनीतकि आयाम है? चर्चा कीजयि। (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-uae-relations-2